

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**‘भाभी जी घर पर हैं’ में शिल्पा शिंदे की हुई एंट्री**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 237 | बुधवार 17 दिसंबर 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# युवाओं को टिकट या लॉलीपॉप

- टीओके व भाजपा पूर्व नगरसेवकों को फिर दे रहे टिकट
- चार पूर्व नगरसेवकों ने बिगाड़ा गणित
- युवा व नए चेहरों की पहली पसंद राकांपा
- 15 जनवरी को हुआ चुनाव का शंखनाद

**उल्हासनगर.** पिछले करीब चार वर्षों से चुनाव से वंचित शहर में चुनाव का बिगुल तो बज गया है लेकिन इस चुनाव का इंतजार करने वाले युवाओं में भरपूर नाराजगी है क्योंकि पिछले कई वर्षों से युवाओं ने विभिन्न पक्षों के साथ जुड़कर पार्टी का आगे बढ़ाने अपने पैसे से वार्ड में काम कर पहचान तो बना ली किंतु उनका सपना उनके ही पक्ष ने एक मिनट में तोड़ दिया है। खबर मिली है कि युवाओं व नए चेहरों को जो टिकट का वादा किया गया था वो अब लॉलीपॉप ही साबित हो रहा है। ऐसे युवाओं ने अब बगावत कर दूसरे पक्ष अथवा निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ना तय कर लिया है और अपने आकाओं को सबक सिखाने की भी ठानी है। ज्ञात हो कि उल्हासनगर शहर में सबसे ज्यादा टिकट का लॉलीपॉप टीम ओमी कालानी द्वारा बांटे गए थे उसके बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के कहने पर युवाओं और नए चेहरों को जो मौका देने का ऐलान किया गया था उसे भूलकर अब दोनों पार्टियां पूर्व नगरसेवकों को ही टिकट दे रही है।

## सबसे ज्यादा टीम ओमी कालानी ने बांटे लॉलीपॉप







### महायुति की बैठकें

उल्हासनगर मनपा चुनाव की घोषणा एक माह पूर्व तो हो गई लेकिन राजनीति पक्ष में जोश देखने को नहीं मिल रहा है कि क्योंकि सबकी नजरें महायुति के चुनावी गठबंधन पर टिकी हुई है। हर उम्मीदवार दूसरे पक्ष की रणनीति के आधार पर अपनी रणनीति फिट करने की फिराक में है। टीओके व साई पक्ष की सीटों को लेकर बैठक सांसद श्रीकांत शिंदे से चल रही हैं वहीं भाजपा नेताओं की बैठक भी प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के साथ चल रही है। महायुति का साथ लड़ना आज भी तय नहीं है क्योंकि शिवसेना को गठबंधन की आवश्यकता नहीं है। भाजपा को ही टीओके के कारण युति की जरूरत है। अब क्या महायुति की आगामी समय में होने वाली बैठकें केवल दिखावा होंगी यह तो वक्त ही बताएगा क्योंकि शिवसेना चुनावी गठबंधन के मूड में लग नहीं रहा है।

# नपा चुनाव के लिए प्रशासन तैयार





- टाले हुए पांच वार्डों के लिए 20 दिसंबर को वोटिंग

**बदलापुर.** कुलगांव-बदलापुर नगर पालिका आम चुनाव 2025 के तहत, ज़्यादातर वार्डों में 2 दिसंबर को वोटिंग की प्रक्रिया पूरी हो गई थी; लेकिन, कुछ वजहों से, अब बचे हुए पांच वार्डों के लिए 20 दिसंबर को वोटिंग होगी। इसके लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। वार्ड नंबर 5: 5-B, वार्ड नंबर 8: 8-A, वार्ड नंबर 10: 10-B, वार्ड नंबर 15: 15-B, वार्ड नंबर 17: 17-A में सुबह 7.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक शांति से वोटिंग की प्रक्रिया होगी।

कुल 56 सेंटरों पर वोटिंग होगी। वोटिंग के लिए 70 EVM मशीनें रखी जाएंगी। इस बारे में गुरुवार को चुनाव के दिन सीधी सेवा देने वाले कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। वोटरों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए ज़रूरी कदम उठाए गए हैं।

### वोटरों के लिए खास निर्देश

म्युनिसिपल चीफ ऑफिसर मारुति गायकवाड़ ने वोटरों को स्याही लगाने के बारे में खास जानकारी दी है। 2 दिसंबर की वोटिंग में वोटरों के बाएं हाथ की इंडेक्स फिंगर पर स्याही लगाई गई थी; लेकिन, 20 दिसंबर को होने वाली वोटिंग में बाकी पांच वार्डों के वोटरों के बाएं हाथ की इंडेक्स फिंगर के बगल वाली बीच वाली उंगली पर स्याही लगाई जाएगी।

### प्रशासन की अपील

चुनाव निर्णय अधिकारी विश्वास गूजर, असिस्टेंट चुनाव अधिकारी मारुति गायकवाड़ और एडिशनल असिस्टेंट चुनाव निर्णय अधिकारी अभिजीत देशमुख ने नागरिकों से ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में वोट देने की अपील की है। लोकतंत्र को और मज़बूत बनाने के लिए हर वोट ज़रूरी है, और प्रशासन ने नागरिकों से अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने की अपील की है। 2 दिसंबर को हुए वोटिंग परसेंटेज के आधार पर नगर निगम प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि 20 तारीख को भी वोटिंग होगी।

# अंबरनाथ में मुख्यमंत्री की प्रचार सभा आज

## 18 को उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सभा एवं बागेश्वर बाबा भी 18 को अंबरनाथ में





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में आज 17 दिसंबर को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा की नगराध्यक्षा उम्मीदवार तेजश्री करंजुले पाटिल एवं भाजपा के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए सभा को संबोधित करेंगे. ये सभा शाम 5 बजे शहर पूर्व के गांवदेवी मैदान में होगी. ऐसी जानकारी भाजपा शहराध्यक्ष अभिजीत करंजुले ने दी है. सीएम की सभा को देखते हुए पुलिस सतर्क हो गई है. अभिजीत ने हमें ये भी बताया कि 18 दिसंबर को शाम 5 बजे बागेश्वर बाबा अंबरनाथ पश्चिम के मोहन नैनो, खुंटवली रोड पर आ रहे हैं. उसी दिन उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी शिवसेना उम्मीदवारों एवं नगराध्यक्ष मनिषा वालेकर के प्रचार हेतु अंबरनाथ में शाम में आएंगे. अभी तक स्थान के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है.

18 दिसंबर को शहर में लगभग सभी पक्ष की ओर से रैलियां भी निकाली जाएंगी. राष्ट्रवादी कांग्रेस (अ.प.) की मुंबई की विधायक सना मिलक जो कि पूर्व मंत्री नवाब मलिक की बेटी भी हैं, 17 दिसंबर बुधवार को चुनाव प्रचार के हेतु आ रही है. वह दो सभा को संबोधित करेंगी. रात 9 बजे वह शहर पश्चिम के फुले नगर में सभा में क्या बोलेंगी, इस पर सबकी नजर लगी हुई है. शिवसेना उबाठा के एक बड़े नेता का भी प्रचार हेतु अंबरनाथ-बदलापुर में आगमन होगा.

# कांग्रेस का 10 सूत्रीय घोषणा पत्र जारी

- उल्हासनगर में कांग्रेस का अच्छा प्रदर्शन
- उम्मीदवारों के इंटरव्यू शुरू



**उल्हासनगर.** शहर कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को रीजेंसी होटल में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की कुल 78 सीटों के लिए उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए और शहर के जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने संकेत दिया कि वह सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने इस मौके पर 10-पॉइंट का मैनिफेस्टो भी जारी किया और शहरी विकास का दावा किया। उल्हासनगर कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने कैंप नंबर 3 स्थित रीजेंसी हॉल में म्युनिसिपल चुनाव के उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए। शहर प्रभारी नवीन सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। कुल 78 सीटों के लिए इंटरव्यू लेने के बाद 60 प्रतिशत सीटों के लिए कई उम्मीदवारों ने इंटरव्यू दिए हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे, ग्रुप लीडर पूर्व नगरसेविका अंजलि साल्वे, प्रदेश सचिव कुलदीप ऐलशिंगानी, पार्टी पदाधिकारी किशोर धड़के, सुनील बैरानी, नानिक आहूजा, शंकर आहूजा, मनीषा महाकाले आदि मौजूद थे। पार्टी ने उम्मीदवारों का इंटरव्यू लेकर लीड ले ली है।

कांग्रेस पार्टी के शहर इंचार्ज नवीन सिंह और शहर ज़िला प्रेसिडेंट रोहित साल्वे ने पार्टी का 10-पॉइंट इलेक्शन मैनिफेस्टो जारी किया और शहर के डेवलपमेंट का वादा किया। साफ़, स्मूद और रेगुलर पानी की सप्लाई, अच्छी क्वालिटी की और मज़बूत सड़कें, और 24 घंटे के अंदर गड्ढों से मुक्त सड़कें, महिलाओं के इकोनॉमिक एम्पावरमेंट, हेल्थ और सेफ्टी के लिए खास स्कीम लागू करना, नगर निगम के तहत सभी स्कूलों को स्मूद तरीके से चलाने का इंतज़ाम करना, कचरा-फ्री शहर, कचरा डिपो हटाकर नया सिस्टम लागू करना, नागरिकों के लिए हर वार्ड में मोहल्ला क्लिनिक कमेटियां बनाना व अन्य.

# अंबरनाथ की 4 नगराध्यक्ष उम्मीदवार करोड़पति

- प्रतिज्ञापत्र में की घोषणा
- नूतन पाटिल 69 करोड़, तेजश्री करंजुले 30 करोड़, मनिषा वालेकर 4 करोड़, अश्विनी पाटिल पौने तीन करोड़



अंबरनाथ. अंबरनाथ नगर परिषद के चुनाव को केवल 3 दिन बाकी रह गए हैं. नगराध्यक्ष के चुनाव में शिवसेना-भाजपा के बीच जबरदस्त टक्कर देखा जा रहा है. नगराध्यक्ष के चुनाव में 8 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिसमें से 5 राजनीतिक दलों के व 3 उम्मीदवार निर्दलीय हैं. 4 उम्मीदवार करोड़पति हैं. ऐसा प्रतिज्ञापत्र में उम्मीदवार ने घोषित किया है. कांग्रस के नूतन पाटिल सबसे अमीर उम्मीदवार हैं. उनकी कुल संपत्ति 69 करोड़ 50 लाख रुपए हैं. भाजपा की तेजश्री विश्वजीत करंजुले पाटिल संपत्ति के मामले में दूसरे नंबर पर हैं. उनके पास 30 करोड़ की संपत्ति है. शिवसेना शिंदे गुट की उम्मीदवार मनिषा वालेकर के पास 4 करोड़ 4 लाख रुपए हैं, तो राष्ट्रवादी कांग्रेस की उम्मीदवार अश्विनी सचिन पाटिल ने 2 करोड़ 76 लाख रुपए की मालमत्ता के बारे में चुनाव आयोग को दिए गए प्रतिज्ञा पत्र में बताया है.

निर्दलीय उम्मीदवार जयश्री कांबले गरीब उम्मीदवार हैं. उनकी आयु 77 वर्ष की है तो सबसे कम आयु की उम्मीदवार अश्विनी पाटिल 34 वर्ष की हैं, जो कि पूर्व नगरसेवक सचिन पाटिल की पत्नी एवं राकांपा शहराध्यक्ष सदाशिव पाटिल की बहू हैं. कांग्रेस के नूतन पाटिल कांग्रेस शहराध्यक्ष प्रदीप पाटिल की धर्मपत्नी हैं. शिवसेना की मनिषा वालेकर, शिवसेना शहराध्यक्ष अरविंद वालेकर की धर्मपत्नी और भाजपा की तेजश्री करंजुले पूर्व नगराध्यक्ष व भाजपा नेता गुलाब करंजुले की बहू हैं. 8 नगराध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के नाम मनिषा वालेकर शिवसेना, तेजश्री करंजुले भाजपा, अश्विनी पाटिल राकांपा, नूतन पाटिल कांग्रेस, अंजली राऊत उबाठा के अलावा इंदिरा बैनी, जयश्री कांबले और कमल रणदिवे निर्दलीय उम्मीदवार हैं.

# वालधुनी फ्लाईओवर की मरम्मत का काम शुरू



**कल्याण.** शहाड, धर्मवीर आनंद दिघे फ्लाईओवर की मरम्मत के बाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस (वालधुनी) फ्लाईओवर की मरम्मत का काम शुरू किया गया है। इस काम के लिए 15 दिसंबर से 20 दिनों के लिए ब्रिज बंद रहेगा।

कल्याण-मुरबाड़ रोड पर ‘बाई का पुतला’ के पास नेताजी सुभाष चंद्र बोस फ्लाईओवर पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इस वजह से ब्रिज पर हमेशा ट्रैफिक जाम रहता है। कमिश्नर अभिनव गोयल ने इस ब्रिज का निरीक्षण किया था और इसकी मरम्मत के निर्देश दिए थे। इसके अनुसार, मनपा प्रशासन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस फ्लाईओवर की मरम्मत का काम शुरू किया है। पुल की बेयरिंग रिपेयर का काम पूरा हो गया है, और फ्लाईओवर रोड से पुराना डामर हटाने का काम चल रहा है।

सूत्रों ने बताया कि फ्लाईओवर रोड की रिपेयर और पेंटिंग के लिए 15 दिसंबर से 10 जनवरी 2026 तक 20 दिनों के लिए फ्लाईओवर ट्रैफिक के लिए बंद रहेगा। हालांकि ट्रैफिक पुलिस डिपार्टमेंट ने अभी तक फ्लाईओवर पर ट्रैफिक डायवर्ट करने का ऑर्डर जारी नहीं किया है, लेकिन उम्मीद है कि ट्रैफिक पुलिस अगले दो दिनों में ट्रैफिक डायवर्ट करने का ऑर्डर जारी कर देगी।

## महावितरण की तिजोरी में जमा हुए 11.94 करोड़

**कल्याण.** जिला स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए कल्याण और भांडुप सर्कल में स्थायी रूप से बंद किए गए कनेक्शन और बिजली चोरी के पहले से फाइल किए गए और पेंडिंग, दोनों तरह के 8 हज़ार केस समझौते से सुलझाए गए. महावितरण से मिली छूट का फायदा उठाते हुए, संबंधित ग्राहकों ने 11 करोड़ 94 लाख रुपए का बिल का भुगतान किया. कल्याण सर्कल में पीड़ी मीटर और बिजली चोरी के पहले से फाइल किए गए और पेंडिंग केस को आपसी सहमति से सुलझाने के लिए कुल 2 लाख 35 हज़ार बिजली कंज्यूमर्स को नोटिस भेजे गए थे. जिसमें से लगभग आठ हजार ग्राहक मौजूद थे. महावितरण और बिजली कंज्यूमर्स के बीच समझौता हुआ और 10.54 करोड़ रुपए का पेमेंट किया गया. इसमें कल्याण मंडल एक में 28 केस में समझौता हुआ और 19 लाख रुपए वसूले गए.

# घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलने पर फोकस



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ म्युनिसिपल काउंसिल चुनाव का कैंपेन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है, और वोटिंग से पहले आखिरी रविवार का पूरा फायदा उठाते हुए सभी पार्टियों के उम्मीदवारों ने पूरे शहर में ज़ोरदार कैंपेन चलाया। रविवार की छुट्टी को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों ने सुबह से रात तक अलग-अलग समय पर घर पर वोटरों से मिलने पर ज़्यादा फोकस किया। कुछ छोटी मीटिंग और रैलियां भी की गईं।

अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव प्रक्रिया का समय बीस दिन तक बढ़ाए जाने के कारण, नगराध्यक्ष पद के अलावा बाकी उम्मीदवारों का कैंपेन शुरुआती दौर में कुछ धीमा पड़ गया था। हालांकि, 10 दिसंबर के बाद एक बार फिर कैंपेन ने रफ़्तार पकड़ ली। शनिवार, 20 दिसंबर को होने वाली वोटिंग को देखते हुए, रविवार को कैंपेन ने सच में रफ़्तार पकड़ी। हालांकि अगले कुछ दिनों में शहर में कैंपेन और तेज़ होगा, लेकिन उम्मीदवारों का खास तौर पर छुट्टियों में थोड़ा खोया हुआ पब्लिक रिलेशन फिर से बनाने पर फोकस था।

रविवार सुबह से ही उम्मीदवारों और उनके कार्यकर्ताओं ने प्रचार शुरू कर दिया। मॉर्निंग वॉकर्स से मिले, योग सेंटर, सीनियर सिटिजन कैंप, अलग-अलग सोशल ऑर्गनाइज़ेशन और हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में जाकर उनसे बातचीत की। उम्मीदवार पार्कों, पार्कों में जॉगिंग ट्रक पर घूमते दिखे। उम्मीदवार पदयात्रा, छोटी खदान मीटिंग और चौक मीटिंग सहित वोटरों से सीधे बातचीत करते दिखे। इस दौरान उम्मीदवार विकास के कामों के वादे, लोकल मुद्दों पर अपना रुख और भविष्य की योजनाएं बता रहे थे। कुछ इलाकों में नुक्कड़ नाटक और रैलियों के ज़रिए भी प्रचार किया गया।

एक तरफ जहां डोर-टू-डोर प्रचार चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ शहर के बड़े चौकों, बाज़ारों और व्यस्त जगहों पर गाड़ियों पर झंडे, बैनर और लाउडस्पीकर लगाकर प्रचार किया जा रहा है। उम्मीदवारों के नाम चिल्लाते हुए रिक्शे इस समय अंबरनाथ की सड़कों पर दौड़ते दिख रहे हैं।





# पैनल 2 से कुमार चैनानी के नेतृत्व में विकास कार्य शुरू

- कुमार चैनानी, भारत रामचंदानी, कैलाश वाघ व अर्जुन शर्मा परिवार चुनाव मैदान में उतरेंगे
- पैनल के समस्याओं को हल करने में चार संभावित उम्मीदवार जुटे
- सीसी रोड के कार्य का भूमिपूजन स्थानीय लोगों की मौजूदगी में किया गया



**उल्हासनगर.** आगामी उल्हासनगर महानगरपालिका चुनावों को लेकर शहर की राजनीति में हलचल तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में पैनल नंबर 2 से कुमार चैनानी, भारत रामचंदानी, कैलाश वाघ एवं अर्जुन शर्मा परिवार आगामी मनपा चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में जुट गया है। चुनाव से पहले ही विकास कार्यों के माध्यम से जनता तक पहुंच बनाने का प्रयास करते हुए पैनल के संभावित उम्मीदवारों ने क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं को हल करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

इसी क्रम में रविवार, 14 दिसंबर को सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह सीसी रोड गोपाल नगर की ओर जाने वाले मार्ग पर बनाई जा रही है, जो पिछले कई वर्षों से बदहाल स्थिति में था और अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा इस पर ठोस कार्य नहीं कराया गया था। लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति के कारण स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस अवसर पर कुमार चैनानी ने कहा कि पैनल नंबर 2 के नेतृत्व में क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वे अपने साथियों और सहयोगियों के साथ मिलकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं और आगे भी इसी तरह जनता की सेवा करते रहेंगे। चैनानी ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि चुनाव जीतकर जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए ईमानदारी से सेवा करना है। उन्होंने बताया कि अब तक नगरसेवक न होते हुए भी उन्होंने व उनके सहयोगियों ने क्षेत्र में कई विकास कार्य कराए हैं और आगे भी जनहित के कार्य लगातार जारी रखने का संकल्प लिया है। श्री चैनानी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस बार नए और सक्रिय उम्मीदवारों को अवसर देकर पैनल और शहर के समग्र विकास में सहयोग करें। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि जनता का समर्थन मिला, तो पैनल नंबर 2 उल्हासनगर के विकास को नई दिशा देने का कार्य करेगा।



जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## गहरा रहा प्रदूषण का संकट

सर्दी का मौसम शुरू होने के साथ ही दिल्ली की आबोहवा अब बुरी तरह बिगड़ गई है। इस समय राजधानी घने कोहरे की चादर में लिपटी नजर आ रही है। जहरीली हवाओं से लोग बेहाल हैं। उनमें स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक कई इलाकों में गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। धूल-धुएं से बनी धुंध की दोहरी मार से दृश्यता कमजोर हो गई है। नतीजा यह है कि सड़कों पर वाहन रेंगते हुए दिखाई पड़ रहे हैं।

राजधानी में हालात गंभीर हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सभी बाहरी शारीरिक खेल गतिविधियां बंद करने का फिर से निर्देश देना पड़ा है। जबकि पिछले महीने ही शीर्ष न्यायालय ने ऐसे आयोजनों पर सवाल उठाया था और इसे रोकने के लिए कहा था। फिर भी खेल गतिविधियां जारी रखी गईं, तो इससे साबित होता है कि लापरवाही किस हद तक बरती जा रही है।

यह अदालत के निर्देशों की भी अवहेलना है। जाहिर है कि दिल्ली और इसके आसपास के राज्यों की सरकारें प्रदूषण को गंभीरता से नहीं ले रही हैं। हर दूसरे-चौथे दिन फौरी घोषणाएं जरूर की जा रही हैं, लेकिन दीर्घकालिक समाधान नहीं निकाला जा रहा है। फिलहाल प्रदूषण को काबू में करने के लिए जो कदम उठाए गए हैं, इसके सार्थक परिणाम नहीं निकल रहे हैं। नतीजा यह कि दिल्ली वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार बिगड़ता जा रहा है। दरअसल, इस समस्या के गंभीर लक्षणों की सही मायने में पहचान नहीं की जा रही है। हालात कब तक सुधरेंगे, यह भी कोई नहीं बता रहा। राजधानी में लगातार प्रदूषण बने रहने की असल वजह क्या है, शायद यह कोई जानना नहीं चाहता और अगर कारणों की पहचान है, तो राज्य सरकारें गंभीरता से कदम उठाने से संकोच क्यों कर रही हैं?

दिल्ली में अभी अन्य राज्यों से आने वाले ट्रकों पर रोक है। निर्माण कार्य बंद करा दिए गए हैं। ग्रेप-चार के तहत पाबंदियां भी लागू हैं। बावजूद इसके प्रदूषण के स्तर को कम नहीं किया जा पा रहा है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? प्रदूषण के कारणों की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए ठोस उपाय करना होगा। इसके साथ-साथ लापरवाही के लिए अब संबंधित विभागों की भी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

# विचार : भाजपा में पीढ़ीगत परिवर्तन का संदेश

बिहार से भाजपा विधायक नितिन नवीन को कार्यकारी भाजपा अध्यक्ष बनाया जाना केवल एक संगठनात्मक पदोन्नति नहीं है, बल्कि भाजपा के भीतर चल रही पीढ़ीगत, क्षेत्रीय और रणनीतिक पुनर्संरचना की अभिव्यक्ति है। यह निर्णय ऐसे समय में सामने आया है, जब पार्टी लगातार तीसरी बार केंद्र में सत्ता संभालने के बाद अब दीर्घकालिक राजनीतिक स्थिरता, नेतृत्व के उत्तराधिकार और संगठनात्मक विस्तार की नई चुनौतियों से जूझ रही है। नितिन की राजनीति अपेक्षाकृत शांत, संगठन-केंद्रित और कार्यकर्ता-आधारित रही है।

भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में ऐसे नेताओं की भूमिका अक्सर निर्णायक होती है, क्योंकि पार्टी स्वयं को 'कैडर आधारित' संगठन के रूप में प्रस्तुत करती रही है। नितिन का उभार इस दावे को फिर से पुष्ट करता है कि भाजपा में केवल चुनाव जीतने वाले चेहरों को ही नहीं, बल्कि संगठन को चलाने वाले लोगों को भी निर्णायक भूमिकाएं दी जाती हैं। नितिन का चयन यह भी संकेत देता है कि भाजपा अब बिहार को केवल गठबंधन राजनीति के संदर्भ में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नेतृत्व निर्माण के केंद्र के रूप में भी देख रही है। इस निर्णय का एक और महत्वपूर्ण पहलू पीढ़ीगत परिवर्तन से जुड़ा है।

भाजपा की पहली पीढ़ी का नेतृत्व, जो राम जन्मभूमि आंदोलन, मंडल के बाद की राजनीति और पिछली सदी के अंतिम दशक की वैचारिक लड़ाइयों से निकला था, अब धीरे-धीरे हाशिये पर जा रहा है। दूसरी पीढ़ी, जिसने 2014 के



बाद सत्ता और संगठन दोनों को संभाला, अब परिपक्वता के चरण में है। ऐसे में तीसरी पीढ़ी के नेताओं को आगे लाने की आवश्यकता स्वाभाविक है। नितिन तीसरी पीढ़ी के प्रतिनिधि के रूप में देखे जा सकते हैं, जो न तो अतीत की वैचारिक लड़ाइयों के बोझ से दबे हैं और न ही केवल सत्ता के सुख से परिभाषित हैं।

भाजपा आज जिस दौर में है, वहां सबसे बड़ी चुनौती विचारधारा को नए संदर्भों में प्रासंगिक बनाए रखने की है। राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक अस्मिता और विकास-ये तीनों स्तंभ भाजपा की राजनीति के केंद्र में रहे हैं, लेकिन बदलते सामाजिक और आर्थिक संदर्भों में इनकी व्याख्या भी बदलनी पड़ रही है। किसी भी बड़े दल में नेतृत्व परिवर्तन या नए पदों का सृजन आंतरिक संतुलन को प्रभावित करता है। नितिन का उभार उन नेताओं के लिए भी एक संदेश है, जो लंबे समय से राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका की प्रतीक्षा कर रहे थे। यह संदेश स्पष्ट है कि संगठन में निरंतर सक्रियता, अनुशासन और नेतृत्व के प्रति निष्ठा का पुरस्कार मिलता है। विपक्षी दल अक्सर भाजपा पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि पार्टी व्यक्ति-केंद्रित होती जा रही है और संगठनात्मक लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। ऐसे में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पद का सृजन और उस पर अपेक्षाकृत कम विवादित, संगठनात्मक पृष्ठभूमि वाले नेता की नियुक्ति, इन आरोपों का आंशिक उत्तर भी है। यह भाजपा की उस छवि को मजबूत करता है, जिसमें वह स्वयं को एक 'संस्था' के रूप में प्रस्तुत करती है, न कि केवल व्यक्तियों के समूह के रूप में। इस निर्णय का सामाजिक अर्थ भी है। नितिन नवीन जिस सामाजिक पृष्ठभूमि से आते हैं, वह भाजपा के उस प्रयास को दर्शाता है, जिसमें वह अपनी सामाजिक आधारभूमि को लगातार विस्तारित करना चाहती है। पिछले एक दशक में पार्टी ने विविध सामाजिक समूहों को नेतृत्व में स्थान देने की कोशिश की है। नितिन का चयन इसी सामाजिक पुनर्संयोजन का हिस्सा माना जा सकता है। भाजपा इस अनुभव से सीखते हुए संगठन को निरंतर सक्रिय, अनुशासित और भविष्य के लिए तैयार रखने की रणनीति पर काम कर रही है। नितिन ऐसे समय राष्ट्रीय भूमिका में आए हैं, जब भाजपा को कई स्तरों पर नए प्रश्नों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक विकास की गति, रोजगार, सामाजिक असंतोष, संघीय ढांचे पर उठते सवाल और विपक्ष की धीरे-धीरे बनती एकजुटता। इसके लिए संगठनात्मक स्तर पर निरंतर संवाद, फीडबैक और रणनीतिक लचीलापन आवश्यक है। ऐसे समय जब राजनीति में ध्रुवीकरण एक स्थायी स्थिति बनता जा रहा है, तब भाजपा द्वारा एक संयमित और संगठन-केंद्रित चेहरा सामने लाना पार्टी की छवि-संतुलन की रणनीति का हिस्सा हो सकता है।





ध्यानाभ्यास, तनाव के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# नफरत की भावना में डूबे लोगों को रोक पाना मुश्किल

ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बोंडी समुद्र तट पर आतंकी हमले से फिर यही साबित हुआ है कि वैश्विक स्तर पर तमाम आतंकरोधी कवायदों के बावजूद अब भी इस समस्या से पार पाना एक बड़ी चुनौती है।

हथियारों से लैस पिता और पुत्र ने बोंडी समुद्र तट के पास हनुका नामक कार्यक्रम के लिए जमा हुए यहूदी समुदाय के लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें पंद्रह लोग मारे गए और कई घायल हो गए। पुलिस के वहां पहुंचने पर हुई मुठभेड़ में एक हमलावर मारा गया और दूसरा घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। गनीमत यह रही कि वहां मौजूद एक अन्य साधारण व्यक्ति ने अपनी जान जोखिम में डाल कर एक बंदूकधारी पर हमला कर दिया और उसकी बंदूक छीन ली। इस तरह उसने कई लोगों की जान बचा ली। माना जा रहा है कि इस आतंकी घटना के पीछे हमलावरों के भीतर यहूदी विरोध की भावना थी। पिछले कुछ समय से आस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी भावनाओं के जोर पकड़ने को लेकर चिंताएं जताई जा रही थीं। गौरतलब है कि विश्व भर में आतंकी वारदात की प्रकृति में बदलाव आया है और आतंकियों के भीतर आम नागरिकों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसके बावजूद आस्ट्रेलिया की सरकार ने एक खास मौके पर ज्यादा



लोगों के जमावड़े वाली जगह पर एहतियाती सुरक्षा इंतजाम पुख्ता रखने की जरूरत नहीं समझी।

यह सवाल इसलिए भी गंभीर है कि हाल के दिनों में आस्ट्रेलिया में कई स्तर पर नस्लीय आग्रहों के आधार पर हमले और विरोध के मामले सामने आते रहे हैं। यों भी, अपने नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर हर समय चाक-चौबंद इंतजाम रखना सरकार का दायित्व है, लेकिन सरेआम अंधाधुंध गोलीबारी की ताजा घटना से साफ है कि सरकार इसमें नाकाम हुई। हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस हमले की निंदा हुई है और आस्ट्रेलिया की सरकार से लेकर मुस्लिम-अरब देशों की ओर से भी आतंकवाद और हिंसा के सभी रूपों को खारिज किया गया है। मगर यह भी सच है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना और विरोध के बावजूद किसी समुदाय से नफरत की भावना में डूबे लोगों को रोक पाना एक मुश्किल चुनौती है।

गौरतलब है कि इससे पहले इजराइल में लगभग इसी तरह के एक जमावड़े में हमास के आतंकवादियों ने यहूदी समुदाय के लोगों पर हमला किया था और उसमें बारह सौ से ज्यादा की मौत हो गई थी। उसका अंजाम आज भी हमास और इजराइल के युद्ध और उससे उपजी त्रासदी के रूप में दुनिया के सामने है। इसी प्रकृति के एक अन्य हमले में भारत में कश्मीर के पहलगाम में हमलावरों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर कई लोगों को मार डाला था। आस्ट्रेलिया के बोंडी समुद्र तट पर हुए आतंकी हमले का एक पहलू बेहद अहम है कि जहां बंदूकधारी हमलावरों की पहचान मुसलिम बताई गई है, वहीं अपनी जान हथेली पर रख कर उनसे भिड़ने और एक हमलावर को रोकने में कामयाब रहा व्यक्ति भी मुस्लिम समुदाय से ही है। इसे आतंकवाद के विरुद्ध एक स्वतः स्फूर्त इंसानी प्रतिक्रिया के तौर पर देखा जा सकता है, जिसकी जरूरत समूची दुनिया में महसूस की जा रही है।

दरअसल, आतंकवाद अलग-अलग समुदायों के बीच दूरी और द्वेष को ही अपना जरिया बनाता है। इसलिए इसका सामना करने के मकसद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठोस रणनीति के समांतर भिन्न धार्मिक समुदायों के बीच सद्भाव और सहयोग के मानवीय मूल्यों को मजबूत करने और बढ़ावा देने के लिए व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है।

# झारखंड में यहां लड़की चुनती है अपना वर

**जरा हट के**

झारखंड के आदिवासी समाज में एक बहुत ही अनोखी परंपरा है. इसके बारे में रांची के व्यवसायी बुधन सिंह पूर्ति ने जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मैं ठेठ आदिवासी व्यक्ति हूं. हमारे यहां एक अनोखी परंपरा है, जो शायद किसी को नहीं पता होगी. हमारे यहां महिलाओं को काफी ऊंचा दर्जा दिया जाता है. ऐसे में उनकी हर बात का काफी मान रखा जाता है. अगर वह किसी को पसंद कर ले, तो व्यक्ति को उस महिला से शादी करना ही होता है. आइये जानते हैं इस परंपरा के बारे में...

बुधन सिंह बताते हैं, 'अगर कोई महिला किसी के भी घर में घुसकर बोल दे कि यह व्यक्ति मेरा पति है. भले आदमी इस महिला को नहीं जानता हो, तो भी आपको उस महिला से शादी करना ही होगा. आप मना नहीं कर सकते हैं, पूरा समाज इस महिला के साथ खड़ा रहेगा. इस तरीके से महिला को हमारे समाज में पावर दिया गया है कि वह अपने मन मुताबिक वर को इस तरह चुन सकती हैं'.



### पुरुष को नहीं है मना करने का अधिकार

उन्होंने आगे बताया कि अगर मान लीजिए कि पुरुष मना कर देता है, तो फिर महिला को पुरुष की प्रॉपर्टी का पूरा का पूरा 50% हिस्सा दिया जाएगा. वह पूरे सम्मान के साथ उसी घर में रहेगी. पंचायत फैसला सुनाती है और महिला पक्ष में ही सुनाती है. यह परंपरा सदियों से चलती आ रही है. जहां 50% हिस्सा महिला को मिलकर ही रहता है.

इसके अलावा अगर पुरुष फिर भी ना माने, तो उसी घर में महिला को अलग कमरा दे दिया जाता है. जहां वह आराम से जीवन व्यतीत कर सकती है. यहां पुरुष भी अलग कमरे में रहता है, लेकिन महिला को घर से कोई नहीं हटा सकता है. इस तरीके से आदिवासी समाज में महिलाओं को वर चुनने के मामले में इतनी आजादी और इज्जत दी गई है.

उन्होंने आगे बताया कि दरअसल, हमारे समाज में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया गया है. ऐसे में उनकी जो आंतरिक इच्छा है. उनका काफी सम्मान किया जाता है.

# मूंगफली की बर्फी




### सामग्री

इस रेसिपी के लिए आपको लगभग 3 कप कच्ची मूंगफली, 1½ कप पिसी हुई चीनी, ½ कप पानी, 4 बड़े चम्मच देसी घी, और ¼ चम्मच इलायची पाउडर की जरूरत होगी। आप चाहें तो इसमें ¼ कप मिल्क पाउडर भी मिला सकते हैं।

### बनाने की रेसिपी

सबसे पहले एक कड़ाही में मूंगफली को धीमी आंच पर अच्छी तरह भून लें जब तक कि वे कुरकुरी न हो जाएं। इसके बाद मूंगफली को ठंडा होने दें और फिर उनके सारे छिलके हटा दें।

छिलके हटी हुई मूंगफली को मिक्सर में डालकर एक बारीक, लेकिन दरदरा पाउडर बना लें। ध्यान रखें कि मिक्सर को ज्यादा देर तक न चलाएं, वरना मूंगफली तेल छोड़ सकती है। अब इस पाउडर में इलायची पाउडर और मिल्क पाउडर मिलाकर अलग रख लें।

इसके बाद एक दूसरे पैन में चीनी और पानी डालकर मध्यम आंच पर गरम करें। चीनी को पूरी तरह घुलने दें और मिश्रण को उबालें। इसे तब तक पकाएं जब तक कि एक तार की चाशनी न बन जाए। यह चाशनी बर्फी को जमने में मदद करती है।



जैसे ही चाशनी तैयार हो जाए, आंच धीमी कर दें और तुरंत इसमें मूंगफली का तैयार पाउडर मिश्रण डालें। इसे लगातार और तेजी से चलाते रहें ताकि कोई गांठ न बने। अब इसमें देसी घी डालकर अच्छी तरह मिला लें। मिश्रण को तब तक पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा होकर कड़ाही के किनारे छोड़ने न लगे और एक साथ इकट्ठा न हो जाए।

अब एक थाली या ट्रे को घी लगाकर चिकना कर लें। तैयार मिश्रण को तुरंत इस थाली पर निकालें और एक समान मोटाई में फैला दें। आप ऊपर से बारीक कटे हुए बादाम या पिस्ता भी डाल सकते हैं।

जब बर्फी का मिश्रण थोड़ा सा ठंडा होकर सेट होने लगे, तो चाकू की मदद से इसे अपने मनपसंद आकार में काट लें। पूरी तरह ठंडा होने के बाद, टुकड़ों को अलग कर लें। स्वादिष्ट मूंगफली की बर्फी तैयार है।

# प्रदूषण वाली खांसी और गले की खराश से हैं परेशान?

## राहत पाने के लिए अपनाएं 5 अचूक घरेलू इलाज

प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। चारों ओर से धुंध की चादर घेरे हुए है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में काफी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। प्रदूषण के कारण गले में खराश और खांसी की समस्या आम हो गई है। घर के अंदर भी गले में खराश, जलन और खांसी की समस्या बनी रहती है। ऐसे में इन समस्याओं से राहत पाने के लिए प्राकृतिक और घरेलू उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। ये उपाय न सिर्फ गले की तकलीफ से राहत दिलाएंगे, बल्कि इम्युनिटी भी बढ़ाते हैं, जिससे प्रदूषण के दुष्प्रभावों से लड़ने में मदद मिलती है। आइए जानें गले की खराश दूर करने के 5 नेचुरल उपाय।



### गर्म पानी और नमक के गरारे

यह सबसे पुराना और भरोसेमंद उपाय है। एक कप गर्म पानी में एक चौथाई चम्मच नमक मिलाकर दिन में 2-3 बार गरारे करें। नमक में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो गले की सूजन कम करते हैं और हानिकारक कणों को साफ करते हैं। गर्म पानी गले की ऐंठन में आराम देता है और बलगम को पतला करता है।

### शहद और अदरक का कॉम्बो

शहद प्राकृतिक एंटीबायोटिक है, तो अदरक एंटी-इंफ्लेमेटरी। एक छोटा टुकड़ा अदरक पीसकर उसे एक चम्मच शहद में मिलाएं और दिन में दो बार खाएं। इसके अलावा, अदरक की चाय बनाकर शहद मिलाकर पी सकते हैं। यह कॉम्बो गले की खराश को शांत करता है और प्रदूषण के कारण जमे हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है।

### हल्दी वाला दूध

रात को सोने से पहर एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाकर पिएं। हल्दी में करक्यूमिन होता है, जो पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी है। यह गले में जलन कम करता है और शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालता है।

### तुलसी और काली मिर्च का काढ़ा

10-12 तुलसी के पत्ते, 5-6 काली मिर्च के दाने और एक चम्मच मुलेठी को दो कप पानी में उबालें। जब पानी आधा रह जाए, तो छानकर उसमें एक चम्मच शहद मिलाकर पिएं। तुलसी इम्युनिटी बूस्ट करती है, काली मिर्च बलगम कम करती है और मुलेठी गले की खराश में आराम देती है। प्रदूषण के कारण होने वाली जलन में यह काढ़ा रामबाण की तरह काम करता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- दिनभर में भरपूर मात्रा में गर्म पानी पिएं ताकि गले की अंदरुनी परत नरम रहे।
- बाहर निकलते समय मास्क जरूर पहनें।
- विटामिन-सी से भरपूर फल जैसे, संतरा, आंवला आदि खाएं।
- बिना जरूरत के घर से बाहर निकलने से बचें।

### भाप लेना

एक बर्तन में गर्म पानी लें, उसमें पुदीने का तेल की 2-3 बूंदें डालकर भाप लें। सिर पर तौलिया रखकर 5-10 मिनट तक भाप लेने से गले और नाक के मार्ग खुलते हैं, जिससे प्रदूषण के फंसे कण बाहर निकलते हैं। यह सूखी खांसी और गले की खराश में तुरंत आराम देता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : धनार्जन सुगम होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी।

**वृषभ** : वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

**मिथुन** : शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कर्क** : लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कन्या** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**तुला** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**वृश्चिक** : नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**धनु** : बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**मकर** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**कुंभ** : कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**मीन** : धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बच्चे को अंडा या चिकन खिलाना कब शुरू करें?

हर मां के मन में अपने बच्चे के खान-पान को लेकर कई सवाल होते हैं और उनमें से सबसे आम सवाल यह है- ₹आखिर मैं अपने बच्चे को अंडा या चिकन खिलाना कब शुरू कर सकती हूं?₹ क्या इसके लिए बच्चे के एक साल का होने तक इंतजार करना जरूरी है? अगर आप भी इसी उलझन में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए ही है। यहां हम रेडिक्स हेल्थकेयर, निर्माण विहार, दिल्ली के चेयरमैन और वरिष्ठ सलाहकार बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि मलिक की मदद से आपकी इस दुविधा को दूर करेंगे और बताएंगे कि कैसे आप 6 महीने की उम्र से ही अपने बच्चे को ये पौष्टिक आहार सुरक्षित रूप से देना शुरू कर सकती हैं।



### 6 महीने की उम्र से

डॉक्टर के मुताबिक, जब बच्चा 6 महीने का हो जाता है और आप उसे ठोस आहार देना शुरू करती हैं, तो आप उसे अंडा या चिकन खिलाना शुरू कर सकती हैं। यह वह समय है जब बच्चे का शरीर नए तरह के भोजन को पचाने के लिए तैयार होने लगता है।

### अंडा कैसे खिलाएं?

कई लोगों को लगता है कि बच्चे को अंडे का केवल एक ही हिस्सा देना चाहिए, लेकिन सच यह है कि आप बच्चे को अंडे का सफेद भाग और पीला भाग दोनों खिला सकती हैं। हालांकि, अंडा देते समय कुछ बातों का खास ध्यान रखना बहुत जरूरी है:

**कच्चा या अधपका अंडा न दें:** बच्चे को कभी भी कच्चा या आधा पका हुआ अंडा नहीं देना चाहिए। इससे बच्चे को इन्फेक्शन होने का खतरा रहता है।

**पकाने का सही तरीका:** आप बच्चे को उबला हुआ अंडा, स्क्रैम्बल एग या आमलेट बनाकर दे सकती हैं। मुख्य बात यह है कि अंडा पूरी तरह से पका होना चाहिए।

### चिकन खिलाने का सही तरीका

अंडे की तरह ही, चिकन भी 6 महीने के बाद दिया जा सकता है। छोटे बच्चे के लिए चिकन सूप सबसे बेहतरीन ऑप्शन है। ध्यान रखें कि चिकन अच्छी तरह से पका हुआ हो। यानी यह पूरी तरह से मुलायम होना चाहिए।

शुरुआत में इसे छानकर देना बेहतर रहता है ताकि बच्चे को निगलने में परेशानी न हो।

### बच्चे के विकास के लिए क्यों जरूरी है अंडा-चिकन?

अंडा और चिकन बच्चों के शारीरिक विकास के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये मुख्य रूप से कई जरूरी पोषक तत्वों के बेहतरीन सोर्स हैं:

प्रोटीन
आयरन
जिंक

### 1 साल तक रुकने की जरूरत नहीं

अक्सर यह माना जाता है कि बच्चे को 1 साल का होने तक अंडा या चिकन नहीं देना चाहिए, लेकिन डॉक्टर रवि की मानें, तो यह धारणा पूरी तरह से गलत है। 6 महीने के बाद पूरक आहार के साथ इनका सेवन शुरू करना सुरक्षित और फायदेमंद है।

# कांदे की चटनी

कांदे की चटनी एक पारंपरिक महाराष्ट्रीयन डिश है, जिसे खासतौर पर तब बनाया जाता है जब घर में सब्जी या दाल उपलब्ध न हो. यह चटनी अपने तीखे, चटपटे और देसी स्वाद के लिए जानी जाती है. महाराष्ट्र के गांवों में इसे रोजमर्रा के खाने में भाकरी, ज्वार-बाजरे की रोटी या सादी पोली के साथ खाया जाता है. कम सामग्री में बनने वाली यह डिश न सिर्फ स्वादिष्ट होती है, बल्कि पेट भी भर देती है. सरसों के तेल और जीरे की खुशबू इसे एक खास पहचान देती है, जो इसे आम चटनी से अलग बनाती है.

इस कांदे की चटनी को बनाने के लिए जिन चीजों की जरूरत होती है, वे लगभग हर रसोई में मौजूद रहती हैं. इसमें कच्चा प्याज, हरी मिर्च, लहसुन, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, नमक, ताजा हरा धनिया, सरसों का तेल और जीरा इस्तेमाल किया जाता है. कच्चे प्याज की तीखापन, लहसुन की खुशबू और सरसों के तेल का देसी फ्लेवर मिलकर इस चटनी को बेहद स्वादिष्ट बना देते हैं. यही वजह है कि यह डिश बिना किसी भारी मसाले या पकाने की लंबी प्रक्रिया के भी जबरदस्त लगती है.

इस चटनी को बनाने की विधि भी बेहद आसान है. सबसे पहले प्याज को मोटा-मोटा काट लें.



इसके बाद मिक्सर जार में प्याज, हरी मिर्च और लहसुन डालकर दरदरा पीस लें. पेस्ट ज्यादा स्मूद न करें, क्योंकि दरदरी बनावट ही इस चटनी की असली पहचान है. अब इस मिश्रण को एक कटोरे में निकालें और उसमें लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें. अंत में ऊपर से बारीक कटा हरा धनिया डाल दें.

अब चटनी में तड़का लगाने की बारी आती है. एक छोटे पैन में सरसों का तेल गर्म करें. जब तेल अच्छी तरह गर्म हो जाए और हल्का धुआं निकलने लगे, तब उसमें जीरा डालें. जीरा चटकते ही यह गरम तड़का सीधे चटनी पर डाल दें और तुरंत मिला लें. गरम तेल और जीरे की खुशबू चटनी के स्वाद को कई गुना बढ़ा देती है. यही तड़का इस महाराष्ट्रीयन कांदे की चटनी को उसकी खास पहचान देता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मोबाइल चलाने पर रोक लगाने से आहत छात्र ने की खुदकुशी

**लखनऊ.** यूपी के लखनऊ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां जानकीपुरम सेक्टर सी में मोबाइल इस्तेमाल पर रोक लगाने से आहत छात्रा ने कमरे में फंदे से लटक कर जान गंवा दी। जानकीपुरम का रहने वाला 16 वर्षीय आर्यन जायसवाल एक निजी स्कूल में कक्षा 9 का छात्र था। उसके पिता महेंद्र जायसवाल ने बताया सोमवार शाम खाने के बाद आर्यन अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह जब स्कूल जाने के लिए उसे उठाने के लिए परिजन कमरे में गए, तो वह फंदे से लटक रहा था। आनद-फानन में उसे उतार कर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक छात्र के टेस्ट में नंबर कुछ काम आए थे। जिसकी वजह से परिजनों ने उसको समझाया था और मोबाइल इस्तेमाल करने से मना किया था। इसी से आहत होकर उसने खुदकुशी कर ली।

### राम मंदिर आंदोलन के योद्धा को मुख्यमंत्री योगी ने दी श्रद्धांजलि

अयोध्या में वशिष्ठ भवन पीठाधीश्वर व पूर्व सांसद डा रामविलास दास वेदांती की हिंदू धाम वासुदेव घाट से निकली शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए सरयू तट पहुंची। यहां उन्हें जल समाधि देकर नम आंखों से विदाई दी गई। इसके पहले अपराह्न 12. 50 बजे हिंदू धाम पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डा वेदांती को नमन कर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### प्रेमी के घर पहुंची शादीशुदा गर्लफ्रेंड की हत्या

**बाराबंकी.** यूपी के बाराबंकी से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां थाना मसौली क्षेत्र के ग्राम सहाबपुर में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बंद कमरे से 30 वर्षीय युवती का खून से लथपथ शव बरामद हुआ। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान गोरखपुर के निगम संगम चौराहा के रहने वाले राज किशोर के बेटी ममता के रूप में हुई है। बताया गया है कि ममता का ग्राम सहाबपुर निवासी संदीप यादव से करीब डेढ़ वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों की पहचान एक वैवाहिक वेबसाइट के माध्यम से हुई थी। खास बात यह है कि ममता और संदीप दोनों की पहले से शादी हो चुकी थी, इसके बावजूद उनके बीच संबंध बने रहे।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकराई फार्च्यूनर, चार की मौत

**लखनऊ.** घने कोहरे के बीच आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला। उन्नाव बांगरमऊ क्षेत्र में हवाई पट्टी पर तेज रफ्तार फार्च्यूनर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर रखे भारी बोल्डर से जा टकराई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि एयरबैग खुलने के बावजूद कार सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नसिरापुर गांव के पास यह भीषण हादसा हुआ। फार्च्यून कार गाजियाबाद से लखनऊ की ओर जा रही थी। मृतकों की पहचान राजनगर एक्सटेंशन निवासी 55 वर्षीय अशोक कुमार अग्रवाल, मोदीनगर निवासी 20 वर्षीय अभिनव अग्रवाल और 25 वर्षीय आकाश अग्रवाल के रूप में हुई है। चौथे व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

# 1 करोड़ की पॉलिसी के लिए खुद का झूठा मर्डर

- 24 घंटे के भीतर पुलिस ने किया पर्दाफाश
- लातूर में अजनबी को लिफ्ट दी
- ड्राइविंग सीट पर बैठाकर आग लगाई



**लातूर.** महाराष्ट्र के लातूर में एक शख्स ने 1 करोड़ की पॉलिसी के लिए खुद की मौत का नाटक किया। आरोपी की पहचान बैंक रिकवरी एजेंट गणेश चव्हाण के रूप में हुई है। दरअसल पुलिस को रविवार सुबह औसा तालुका में एक जली हुई कार मिली थी। उसमें एक शव था। शुरुआत में लगा कि यह शव गणेश चव्हाण का है क्योंकि जली हुई कार वही चलाता था। परिवार वालों को भी लगा कि गणेश किसी हादसे का शिकार हो गया। हालांकि गणेश ने इस दौरान अपनी गर्लफ्रेंड को मैसेज किया। जिससे वह पकड़ा गया।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार रात करीब 12:30 बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि वनवाड़ा रोड पर एक कार में आग लगी है। पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को बुलाया गया। आग बुझाने के बाद कार के अंदर जला हुआ शव मिला। शव पूरी तरह झुलस चुका था। पुलिस ने कार के मालिक का पता लगाया। उसने बताया कि कार अपने एक रिश्तेदार गणेश चव्हाण को दी थी। उन्हें बताया गया कि वह घर नहीं लौटा है और उसका फोन भी बंद है।

#### आरोपी का कबूलनामा...

चव्हाण ने औसा के तुलजापुर टी–जंक्शन पर गोविंद यादव नाम के एक शख्स को लिफ्ट दी। अधिकारियों ने बताया कि यादव नशे में था और चव्हाण ने इसका फायदा उठाया। वे एक ढाबे पर रुके और फिर वनवाडा रोड की ओर चले गए। कार पार्क करने के बाद यादव ने कुछ खाना खाया और जल्द ही गाड़ी के अंदर सो गया। फिर चव्हाण ने उसे ड्राइवर की सीट पर खींचा, सीटबेल्ट लगाई, सीट पर माचिस की तीलियां और प्लास्टिक की थैलियां रखीं और उनमें आग लगा दी। इसी के साथ चव्हाण ने अपना ब्रेसलेट यादव के पास छोड़ दिया। फिलहाल पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

#### जांच आगे बढ़ी तो गर्लफ्रेंड का राज खुला

लातूर के पुलिस अधीक्षक (SP) अमोल तांबे ने कहा, शुरुआती जांच में लगा कि मरने वाला व्यक्ति गणेश चव्हाण ही था। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, सोमवार को पुलिस को एहसास होने लगा कि कई बातें मेल नहीं खा रही हैं। उन्होंने चव्हाण की जिंदगी के बारे में पता लगाना शुरू किया और पाया कि वह एक महिला के साथ रिलेशनशिप में था।

तांबे ने कहा, जब हमने उस महिला से पूछताछ की तो पता चला कि घटना के बाद गणेश चव्हाण दूसरे फोन नंबर से उसे मैसेज कर रहा था और उससे चैट कर रहा था।

पुलिस जिस आदमी को मरा हुआ समझ रही थी वह जिंदा साबित हो गया था। अब पुलिस जानना चाहती थी कि कार में मिला शव किसका था और उन्होंने चव्हाण के दूसरे फोन नंबर को ट्रैक करना शुरू किया। इससे वे कोल्हापुर और फिर सिंधुदुर्ग जिले के विजयदुर्ग पहुंचे, जहां चव्हाण मिला और उसे हिरासत में ले लिया गया।

चव्हाण से पूछताछ करने पर पुलिस को पता चला कि उसने 1 करोड़ रुपए की जीवन बीमा पॉलिसी ली थी और वह होम लोन चुकाने के लिए पैसे चाहता था। इसे हासिल करने के लिए उसने एक मर्डर की साजिश रची ताकि वह अपनी मौत का नाटक कर सके।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

- कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ीं
- भाजपा नेता समेत 13 लोगों की जलकर मौत
- 70 से अधिक लोग घायल



**मथुरा.** मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। भाजपा नेता समेत 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। 70 लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, क्योंकि बसों में कटे हुए अंग मिले हैं। पुलिस ने इन्हें 17 पॉलिथीन बैग में भरकर ले गई है। अब डीएनए टेस्ट से इनकी पहचान की जाएगी।

हादसा थाना बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन 127 पर हुआ। पुलिस, फायर ब्रिगेड और SDRF के 50 जवानों और 9 थानों की पुलिस ने 6 घंटे में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया। हादसे के चलते एक्सप्रेस-वे पर 3 किमी लंबा जाम लग गया था। हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। ADM प्रशासन अमरेश जांच का नेतृत्व करेंगे। टक्कर के बाद राहगीर ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शी भगवान दास ने बताया कि टक्कर के बाद ऐसा लगा जैसे बम फटा हो। लोग बसों के शीशे तोड़कर बाहर कूद रहे थे। थोड़ी देर में बसें जलकर राख हो गईं। हमने बस से 8–9 लाशें निकालीं। आरोप है कि रेस्क्यू करीब एक घंटे बाद शुरू हुआ।

घायलों को 11 एम्बुलेंस से मथुरा जिला अस्पताल और वृंदावन संयुक्त जिला अस्पताल भेजा गया। गंभीर घायलों को आगरा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बसों से पुलिस ने खरोच-खरोच कर शवों को उठाया। वहीं, सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया। हादसे की जांच के लिए 4 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। 48 घंटे के अंदर टीम रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी।

#### कैसे हुआ हादसा

एक्सप्रेस-वे पर घना कोहरा था। माइलस्टोन 127 पर अचानक स्लीपर बस के सामने धुंध आ गई। इसके चलते ड्राइवर ने ब्रेक मारकर स्पीड धीमी की। इसके बाद पीछे चल रही 6 बसें और 4 कारें आकर भिड़ गईं। टक्कर से एसी बस में आग लग गई। लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला।

# पश्चिम बंगाल में SIR की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी

- 58.20 लाख वोटरों का नाम कटा



**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दी है। राज्य में 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाने के लिए चिन्हित किए गए हैं। इनमें 24 लाख 16 हजार 852 नाम मृत वोटरों के हैं। 19 लाख 88 हजार 76 वोटर ऐसे हैं जो स्थायी रूप से दूसरी जगह चले गए हैं।

इसके अलावा 12 लाख 20 हजार 38 वोटर लापता, 1 लाख 38 हजार 328 डुप्लिकेट या फर्जी, और 57 हजार 604 नाम अन्य कारणों से हटाने के प्रस्ताव में हैं। जिनका नाम हटाया गया है, वे फॉर्म-6 भरकर दस्तावेजों के साथ दावा कर सकते हैं।

इसके साथ ही घर-घर जाकर जानकारी जुटाने का काम पूरा हो गया है। अब आगे दावा, आपत्ति और सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होगी। SIR का दूसरा चरण फरवरी 2026 तक चलेगा और अंतिम वोटर लिस्ट 14 फरवरी 2026 को जारी होगी। इसके साथ ही देश के राजस्थान समेत 4 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भी आज मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा।

# राम का नाम बदनाम ना करो...

- शशि थरूर ने लंबे समय बाद मिलाया कांग्रेस से सुर
- संसद में खूब बरसे



**नई दिल्ली.** लोकसभा में मनरेगा का नाम बदलने समेत कई प्रावधानों में फेरबदल वाले विधेयक को पेश किया गया है। इस विधेयक में मनरेगा को अब 'विकसित भारत-जी राम जी' योजना नाम देने की तैयारी है। इसे लेकर संसद में दिलचस्प बहस देखने को मिली है। कांग्रेस की ओर से सांसद प्रियंका गांधी ने तीखा विरोध किया तो वहीं उनके बाद बोलने खड़े हुए शशि थरूर ने भी लंबे समय बाद पार्टी के सुर में सुर मिलाया। उन्होंने कहा कि मैं मनरेगा स्कीम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बदलने के खिलाफ हूं। उन कारणों पर मैं विस्तार से नहीं जाऊंगा क्योंकि पूर्व के वक्ताओं ने उस पर काफी बोला है।

शशि थरूर ने कहा कि मैं जी राम जी विधेयक का विरोध करता हूं। मेरी पहली शिकायत यह है कि इसका नाम बदला जा रहा है, जो पहले महात्मा गांधी के ऊपर था। महात्मा गांधी का राम राज्य का विजन राजनीतिक आयोजन नहीं था बल्कि सामाजिक सुधार था। वह चाहते थे कि हर गांव सशक्त हो और राम राज्य जैसी स्थिति बने। उनके नाम को हटाना गलत है और नैतिकता के खिलाफ है। मेरे बचपन में गाते थे- देखो ओ दिवानों ये काम ना करो, राम का नाम बदनाम ना करो।

तिरुअनंतपुरम से कांग्रेस के सांसद ने कहा कि इसके अलावा 40 फीसदी बजट सीधे राज्य सरकार के हिस्से में डालना भी गलत है। इससे उन राज्यों के लिए संकट की स्थिति पैदा होगी, जिनके पास राजस्व का संग्रह कम है। ऐसे राज्य जो पहले ही किसी तरह की मदद पर निर्भर हैं, आखिर वे कैसे इस स्कीम के लिए फंडिंग कर पाएंगे।

कांग्रेस सांसद का पार्टी के स्टैंड से मिलता हुआ यह रुख लंबे समय बाद देखने को मिला है। वह कई बार पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ कर चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस की लगातार तीन मीटिंगों से गैरहाजिर रहे हैं। ऐसे में उनके भविष्य को लेकर कयास लगते रहे हैं। इसलिए जब वह संसद में इस पर बोलने खड़े हुए और कांग्रेस का समर्थन किया तो यह महत्वपूर्ण था।

### हैदराबाद का रहने वाला था साजिद अकरम

**नई दिल्ली.** ऑस्ट्रेलिया के बोंडी बीच पर रविवार को हनुका उत्सव के दौरान गोलीबारी में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक हमलावर पुलिस मुठभेड़ में मारा गया।

तेलंगाना पुलिस ने मंगलवार को खुलासा किया कि 50 वर्षीय साजिद अकरम मूल रूप से हैदराबाद का रहने वाला था, जो 27 साल पहले ऑस्ट्रेलिया चला गया था। साजिद और उसके 24 वर्षीय बेटे नवीद अकरम ने राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग की, जिसे ऑस्ट्रेलिया का अब तक का सबसे घातक आतंकी हमला माना जा रहा है। साजिद पुलिस के साथ गोलीबारी में मारा गया, जबकि नवीद गंभीर रूप से घायल है। उसे अस्पताल में पुलिस हिरासत के तहत रखा गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों की कट्टरपंथी विचारधारा का भारत या तेलंगाना से कोई संबंध नहीं है।

# गोवा अग्निकांड- लूथरा ब्रदर्स को थाइलैंड से दिल्ली लाया गया

- गोवा पुलिस ने एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया
- 25 लोगों की मौत के बाद भागे थे



**नई दिल्ली.** गोवा के नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाइलैंड से दिल्ली लाया गया है। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे।

दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की एक टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। अब उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया जाएगा। ट्रांजिट रिमांड की इजाजत मिलते ही पुलिस दोनों को लेकर गोवा जाएगी। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसंबर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया। आज सुबह उन्हें बैंकॉक से भारत डिपोर्ट किया गया था।

#### दोनों भाई खाना खाने निकले, तभी पकड़े गए

सूत्रों के अनुसार, 9 दिसंबर को थाई अधिकारियों को पता चला कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियां जिन भाइयों को ढूंढ रही है, वे फुकेट में छिपे हैं। भारतीय एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद थाई अधिकारियों ने पहले ही होटलों पर नजर रखनी शुरू कर दी थी। 11 दिसंबर को जब दोनों भाई होटल से बाहर खाना खाने के लिए निकले तो थाई इमिग्रेशन और पुलिस अधिकारियों ने उनकी पहचान और यात्रा की डिटेल्स वेरिफाई कीं और पकड़ लिया।

### सर्दी में खिल उठा है बसंत के मौसम का फूल

**लखीमपुर खीरी.** लखीमपुर खीरी में दिसंबर की कड़ाके की ठंड के बीच बेल के वृक्ष पर फूल खिलने की दुर्लभ घटना सामने आई है। यह नजारा न सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए आश्चर्य का कारण बना है, बल्कि कृषि वैज्ञानिक भी इसे असामान्य और अजूबा मान रहे हैं। आमतौर पर बेल में फरवरी से अप्रैल के बीच फूल आते हैं, लेकिन इस बार तय समय से करीब तीन महीने पहले ही पेड़ पर चमकीले लाल रंग के फूल दिखाई दिए हैं।

खीरी जिले के गोला क्षेत्र के कोंधवा गांव में 35 साल से अधिक समय बाद लोगों ने बेल के फूलों को स्पष्ट रूप से खिला देखा। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बेल में हर वर्ष फूल तो आते हैं, लेकिन वे इतने सूक्ष्म और अल्पकालिक होते हैं कि सामान्यतः नग्न आंखों से दिखाई नहीं देते।

# IPL 2026 26 मार्च से, फाइनल 31 मई को




- लगातार दूसरे साल IPL और PSL एक साथ

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 की शुरुआत गुरुवार, 26 मार्च से होगी, जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार, 31 मई को खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने अभी तक पूरे शेड्यूल की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार IPL के सीईओ हेमांग अमीन ने नीलामी से पहले हुई एक ब्रीफिंग में सीजन-19 की तारीखों की पुष्टि की है।

IPL 2026 का आयोजन टी-20 वर्ल्ड कप समाप्त होने के लगभग तीन सप्ताह बाद किया जाएगा। टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से 8 मार्च के बीच भारत और श्रीलंका में प्रस्तावित है।

#### उद्घाटन मैच के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने पर संशय

टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले को लेकर अभी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। परंपरा के अनुसार पहला मैच मौजूदा चैंपियन टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाता है, लेकिन बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम की उपलब्धता पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। यह मुद्दा अबू धाबी के डब्ल्यू होटल में हुई प्री-ऑक्शन बैठक में फ्रेंचाइजी प्रतिनिधियों के बीच चर्चा का विषय रहा। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (KCA) को IPL मैचों के आयोजन की सशर्त अनुमति मिली है। हाल ही में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा था कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर सकारात्मक है और गृह मंत्री जी. परमेश्वर KCA अधिकारियों के साथ बैठक कर अंतिम फैसला लेंगे। चिन्नास्वामी स्टेडियम को लेकर अनिश्चितता की मुख्य वजह 4 जून की वह भगदड़ है, जिसमें RCB की जीत के जश्न के दौरान 11 प्रशंसकों की मौत हो गई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने इस स्टेडियम में बड़े आयोजनों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। इसी कारण BCCI को महिला वर्ल्ड कप के कुछ मैच बेंगलुरु से बाहर स्थानांतरित करने पड़े थे।

### गिरफ्तारी के बाद पहली बार नजर आया अमृतपाल सिंह

**चंडीगढ़.** पंजाब के खडूर साहिब से सांसद, खालिस्तानी अमृतपाल सिंह अपनी जमानत की मांग को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के सामने पेश हुआ। इसके बाद 2023 में NSA के तहत हिरासत में लिए जाने के बाद अमृतपाल सिंह की पहली सार्वजनिक तस्वीर सामने आई है। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हाईकोर्ट में पेश हुआ था जहां उसने अपनी दलीलें खुद दीं। अमृतपाल सिंह ने कहा है कि उसके जेल में रहने से खडूर साहब का विकास प्रभावित हो रहा है। इससे पहले वकीलों की हड़ताल की वजह से अमृतपाल सिंह ने अपना केस खुद लड़ने का फैसला किया।

# दहेज केवल हिंदुओं तक सीमित नहीं...

- SC ने दिए सख्त निर्देश
- 24 साल पुराना फैसला रद्द



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक कड़े फैसले में दहेज की कुप्रथा को समाज का गंभीर अभिशाप करार देते हुए कहा कि कानूनी प्रतिबंध के बावजूद यह प्रथा 'उपहार' और सामाजिक अपेक्षाओं के रूप में छिपकर फल-फूल रही है। यह प्रथा महिलाओं के साथ विवाह में उत्पीड़न, क्रूरता और मौतों से जुड़ी हुई है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की अपीलों पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के 2003 के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें दहेज मौत के एक मामले में आरोपी पति अजमल बेग और उसकी मां जमीला बेग को बरी कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सजा को बहाल कर दिया।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, यह मामला 20 वर्षीय नसरीन की मौत से जुड़ा है, जिनकी शादी अजमल बेग से हुई थी और शादी के एक साल से कुछ अधिक समय बाद जलकर मृत्यु हो गई। सरकारी वकीलों ने साबित किया कि ससुराल वाले बार-बार कलर टीवी, मोटरसाइकिल और 15,000 रुपये नकद की मांग कर रहे थे। ट्रायल कोर्ट ने दोनों आरोपियों को आईपीसी की धारा 304बी (दहेज मौत), 498ए (पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा महिला के साथ क्रूरता) और दहेज निषेध अधिनियम की धाराओं के तहत दोषी ठहराया था।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की उस दलील को खारिज कर दिया कि गरीबी के कारण दहेज की मांग अविश्वसनीय है। पीठ ने कहा कि यह तर्क तर्कसंगत नहीं लगता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि दहेज निषेध अधिनियम शादी से पहले या बाद में की गई मांगों के बीच भेद नहीं करता। दोषियों की सजा बहाल करते हुए कोर्ट ने मानवीय आधार पर 94 वर्षीय जमीला बेग को जेल नहीं भेजने का फैसला किया, क्योंकि उनकी उम्र को देखते हुए कारावास का कोई उद्देश्य पूरा नहीं होता। वहीं, अजमल बेग को चार सप्ताह के अंदर आत्मसमर्पण कर ट्रायल कोर्ट की सजा भुगतने का निर्देश दिया गया।

# महिलाओं को निशाना बनाने वाले दरिंदा गिरफ्तार



**बेंगलुरु.** बेंगलुरु पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। खबर है कि शहर में महिलाओं को निशाना बनाने वाले दरिंदे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक की पहचान विनोद के रूप में हुई है, जो शाम के समय महिलाओं को हवस का शिकार बनाता था। पुलिस का कहना है कि आरोपी लंबे समय से इस तरह की हरकतों में शामिल। इससे पहले भी बेंगलुरु में खुलेआम छेड़छाड़ की खबर सामने आ चुकी है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, विनोद महिलाओं पर नजर रखता था और शाम को 6 बजे के बाद उनपर हमला करता था। वह खासतौर पर उन महिलाओं को निशाना बनाता था, जो अकेली चल रही होती थीं या दो पहिया वाहन पर होती थीं। पुलिस का कहना है कि आरोपी गड्ढों के पास महिला की गाड़ी धीमी होने का इंतजार करता और अचानक उनपर हमला कर देता था।

रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया है कि आरोपी महिलाओं की तरफ भागता, उन्हें जबरदस्ती पकड़ता था और अश्लील हरकतें करता था। पुलिस ने कहा कि आरोपी एक महीने से ज्यादा समय से इन हरकतों में शामिल था और उसके खिलाफ इससे पहले किसी भी महिला की तरफ से औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, 2 दिसंबर को एक महिला ने सुंकड़कट्टे में श्रीनिवास सर्कल पर हमले की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला के पीछे कार में आ रहे पति ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश भी की थी, लेकिन वह भागने में सफल रहा था। इसके बाद उन्होंने 112 से संपर्क साधा और होयसाला पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल, आरोपी हिरासत में है और पुलिस जांच कर रही है।

हालांकि, इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। जुलाई में बेंगलुरु के गोविंदपुरा इलाके में एक युवक को सार्वजनिक स्थान पर महिला के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी ने महिला के तंग किया और होंठ पर काट लिया था। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया था।

# मनरेगा अब होगी 'जी राम जी' योजना



- आखिर क्या है मोदी सरकार की तैयारी; आएगा बिल

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा स्कीम का नाम बदलने की तैयारी है। इसे आम लोगों के बीच जी राम जी योजना के नाम लोकप्रिय बनाया जा सकता है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इसे लेकर लोकसभा में विधेयक लाने की तैयारी है और इसके तहत 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। इस स्कीम का पूरा नाम होगा- विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार ऐंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)। इसे 'VB- जी राम जी' योजना भी कहा जा रहा है। बिल के ड्राफ्ट के अनुसार इस स्कीम को विकसित भारत 2047 के विजन से जोड़ा जाएगा। इसके तहत ग्रामीण स्तर पर रोजगार प्रदान किया जाएगा ताकि पलायन रुके और गांवों की व्यवस्था आत्मनिर्भर बन सके।

बिल के अनुसार सरकारी कामों को इसी स्कीम के तहत कराया जाएगा। इसके माध्यम से जल संरक्षण, ग्रामीण ढांचागत सुविधाओं का विकास, आजीविका से जुड़े मिशनों पर काम होगा। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास होगा कि खेती के पीक सीजन के दौरान गांवों में श्रमशक्ति की भी उपलब्धता बनी रहे। इन योजनाओं को पीएम-गति शक्ति से जोड़ा जा सकता है। इसके तहत होने वालों कामों की मॉनिटरिंग के लिए भी आधुनिक व्यवस्था का सहारा लिया जाएगा। इसके तहत जीपीएस और मोबाइल बेस्ड मॉनिटरिंग होगी। इसके अलावा इससे जुड़े कामों की प्लानिंग, ऑडिटिंग, फ्रॉड रिस्क मैनेजमेंट के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया जाएगा।

#### 'महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा?'

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा। इस बात का पहले ही अंदेशा था कि महात्मा गांधी का नाम स्कीम से हटाए जाने को लेकर विवाद हो सकता है। हालांकि योजना में 'जी राम जी' जोड़े जाने से भाजपा के हाथ भी एक कार्ड लग गया है। ऐसे में मनरेगा का नाम बदले जाने की डिबेट संसद में यदि महात्मा गांधी बनाम राम होती दिखे तो कोई हैरानी नहीं होगी। दरअसल बीते करीब दो दशकों में मनरेगा स्कीम ने ग्रामीण स्तर पर तस्वीर को बदलने का काम किया है।

## संक्षेप...

### गायमुख चौपाटी के पास गाड़ी पलट

**ठाणे.** मंगलवार, 16 दिसंबर को ठाणे के घोड़बंदर रोड पर गायमुख चौपाटी के पास एक गाड़ी पलट गई। ठाणे पुलिस ने अपडेट दिया है कि इस दुर्घटना से ट्रैफिक में कोई रुकावट नहीं आई। अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल X पर पुलिस ने बताया, ₹घोड़बंदर ठाणे लेन पर, गैमुख चौपाटी के पास, बताई गई गाड़ी पलट गई है, और गाड़ी के साइड से 2 लेन चालू हैं। ट्रैफिक सुचारू रूप से चल रहा है।

गैमुख घाट सेक्शन में तेज ढलान और खराब मरम्मत के काम के कारण अक्सर गाड़ियां खराब होती हैं.

# जो CM कहेंगे वो फाइनल होगा

- **देवेंद्र फडणवीस की किस बात पर बोले अजित पवार**




**पुणे.** पुणे और पिंपरी चिंचवड़ नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में फ्रेंडली फाइट होने जा रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के ऐलान के बाद अब डिप्टी सीएम अजित पवार भी इसपर सहमति जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम ने जो कहा वो फाइनल है। महाराष्ट्र में मुंबई समेत 29 नगर निकायों के लिए चुनाव 15 जनवरी को होगा और मतों की गिनती 16 जनवरी को की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने सोमवार को शेड्यूल की जानकारी दी है।

पवार ने कहा, 'अगर मुख्यमंत्री ने ऐसा कहा है, तो ध्यान से सोच समझकर कहा होगा। महाराष्ट्र में भाजपा के सबसे बड़े नेता मुख्यमंत्री हैं। वह जो भी कहेंगे, वो फाइनल होगा।'

क्या बोले थे फडणवीस

फडणवीस ने सोमवार को कहा कि भाजपा और शिवसेना आगामी नगर निकाय चुनावों में अधिकतर स्थानों पर एक साथ चुनाव लड़ेंगे और राकांपा सहित 'महायुति' के सहयोगी दलों के साथ अधिकतर स्थानों पर सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड नगर निगमों में भाजपा और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकंपा के बीच दोस्ताना मुकाबला होगा। फडणवीस ने कहा कि 'महायुति' के सहयोगी दलों के बीच गठबंधन होगा, लेकिन अधिकतर शहरों में समझौता भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बीच होगा। उन्होंने कहा कि पुणे में गठबंधन की संभावना नहीं है, जहां भाजपा और अजित पवार नीत राकांपा प्रमुख दल हैं।

### चुनाव कार्यक्रम

SEC की तरफ से जारी कार्यक्रम के अनुसार, इन नगर निकायों में कुल 2,869 सीट के लिए मतदान होगा, जिनमें बीएमसी की 227 सीट भी शामिल हैं। बीएमसी 2025-26 में 74,000 करोड़ रुपये से अधिक के बजट के साथ एशिया का सबसे बड़ा नगर निकाय है।

# ठाणेकरों के लिए बड़े प्रोजेक्ट लागू करेंगे

- **डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने की प्रेस कांफ्रेंस**



**ठाणे.** ठाणे मनपा के ज़रिए लोगों के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट लागू किए जा रहे हैं। इन पब्लिक यूटिलिटी प्रोजेक्ट से ठाणेकरों के लाखों लोगों को फ़ायदा होगा। इनमें कासरवडावली में खाड़ी के किनारे व्यूइंग टावर और कन्वेंशन सेंटर, कोलशेत में टाउन पार्क, इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का स्नो पार्क, अमेज़न पार्क, एडवेंचर पार्क, बर्ड म्यूज़ियम और ठाणे इंटरनेशनल मेट्रो कनेक्शन जैसे कई प्रोजेक्ट शामिल हैं, यह घोषणा राज्य के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुंबई मनपा आयुक्त भूषण गगरानी, ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव और इंटरनेशनल लेवल पर मशहूर आर्किटेक्ट हफीज कॉन्ट्रैक्टर मौजूद थे।

मंगल कलश के कॉन्सेप्ट के मुताबिक ठाणे शहर में कासारवडवली क्रीक के किनारे 50 एकड़ एरिया में एफिल टावर की तर्ज पर 260 मीटर ऊंचा देश का सबसे ऊंचा टावर बनाया जा रहा है। एफिल टावर की ऊंचाई 300 मीटर है। इसमें एक व्यूइंग टावर और एक कन्वेंशन सेंटर होगा। यह काम हफीज कॉन्ट्रैक्टर के कॉन्सेप्ट के हिसाब से डिजाइन किया गया है।कोलशेत में 25 एकड़ एरिया में BOT बेसिस पर एक टाउन पार्क बनाया जा रहा है। इस टाउन पार्क में एक एग्री कोली म्यूजियम, एक साइंस सेंटर, एक एक्वेरियम और एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होगा। इसकी खासियत यह है कि इसमें एक ग्राउंड फ्लोर के साथ एक मंजिला ऊंचा प्लेटफॉर्म भी है।

कोलशेत में 25 एकड़ एरिया में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का स्नो पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, एडवेंचर पार्क बनाया जाएगा। राज्य सरकार ने कोलशेत में 12.5 एकड़ एरिया में बर्ड म्यूजियम बनाने के लिए 10 करोड़ रुपये दिए हैं।

साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में 2036 ओलंपिक्स की तैयारियों के तहत 50 एकड़ जमीन पर एक स्पोर्ट्स एरिना बनाया जाएगा। 25 एकड़ जमीन पर एक म्यूजिकल कॉन्सर्ट बनाने का प्रस्ताव है। ठाणे में ठाणेकरों की यात्रा को आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के लिए जल्द ही मेट्रो सर्विस शुरू हो रही है।

म्हातर्डी बुलेट ट्रेन स्टेशन, दिवा, मुंब्रा, कलवा के रूट इस मेट्रो सर्विस से जुड़ेंगे। कुल 9.8 km का यात्रा रूट होगा। जबकि म्हातर्डी कोपर से डोंबिवली को जोड़ने वाला रूट 4.1 km और म्हातर्डी से तलोजा मेट्रो लाइन 12 3.2 km का होगा। इसके लिए महामेट्रो DPR तैयार कर रही है। कुल मिलाकर, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने बताया कि ठाणेकरों को ज़्यादा से ज़्यादा बुनियादी सुविधाएं और मनोरंजन की सुविधाएं देने के मकसद से ठाणे मनपा के ज़रिए बड़े प्रोजेक्ट्स लागू किए जा रहे हैं।

# 'माझी वसुंधरा' कैंपेन में बड़ी संख्या में नागरिक हिस्सा लें



**ठाणे।** स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ-साथ नागरिकों में पर्यावरण के बारे में जागरूकता पैदा करने के मकसद से ठाणे मनपा के पर्यावरण विभाग द्वारा 'माझी वसुंधरा अभियान 6.0 के तहत अलग-अलग पर्यावरण कॉम्पिटिशन आयोजित किए जाएंगे। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने सभी कॉलेजों, स्कूलों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे कॉम्पिटिशन में हिस्सा लें और पर्यावरण के अनुकूल पहल का जवाब दें और माझी वसुंधरा अभियान 6.0 को सफल बनाएं।यह कॉम्पिटिशन NGOs, कॉलेजों, स्थानीय स्कूलों और प्राइवेट स्कूलों के लिए पर्यावरण पर रील,जानकारी वाली फिल्में बनाने, पर्यावरण एंबेसडर चुनने और पर्यावरण से जुड़ी जन जागरूकता गतिविधियों को लागू करने, ग्रीन प्रतिज्ञाओं को रजिस्टर करने और ग्रीन काम करने और उन्हें सोशल मीडिया पर प्रचारित करने के लिए आयोजित किया जाएगा। सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाएं कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने के लिए ऑनलाइन हिस्सा ले सकती हैं। इसके लिए, स्थानीय स्कूल द्वारा एक Google फ़ॉर्म बनाया जा सकता है और उसके ज़रिए रजिस्टर किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन लिंक ठाणे मनपा की वेबसाइट www.thanecity.gov.in पर उपलब्ध है। यह कॉम्पिटिशन माझी वसुंधरा अभियान के बारे में जानकारी ज़्यादा से ज़्यादा लोगों, सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं और इलाके के छात्रों तक पहुंचाने में मदद करेगा और पर्यावरण से जुड़े अलग-अलग मुद्दों पर जागरूकता पैदा करेगा।

# दो पहिया वाहन में आग लगने से हुई जलकर खाक

**ठाणे.** शहर स्थित घोडबंदर रोड के कासारवड़वली परिसर में मनपा के ग्राउंड के पास खड़ी दो पहिया वाहन अचानक आग लगने के कारण जलकर खाक हो गया।इसकी जानकारी आपदा प्रबंधन कक्ष को मिलते ही घटना स्थल पर आपदा प्रबंधन और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी 1 रेक्यु वाहन के साथ पहुंच कर आग को बुझाया।इस घटना में किसी के जानमाल की क्षति नही हुई।



# श्रीकृष्ण रासलीला महोत्सव के लिए तोदी हाल में बैठक संपन्न




**ठाणे.** शहर में संततुकाराम महाराज मैदान, दौलत नगर फायर ब्रिगेड कोपरी पूर्व में श्रीकृष्ण रासलीला महोत्सव का भव्य आयोजन 13 जनवरी से 19 जनवरी तक किया जायेगा। इस रासलीला महोत्सव का रसपान डॉ स्वामी देवकीनंदन महाराज वृंदावन के मुखारविंद से किया जाएगा।इस बैठक में संयोजक सुशील गाड़िया,सह संयोजक सीए पवन अग्रवाल, विजय बसावतीया, अरविंद अग्रवाल, अशोक चांडक शिवप्रकाश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल,महेश गाड़िया, विनोद अग्रवाल, निर्मल विदावतका, पवन अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, प्रकाश सराफ, ओम कारीवाल, जितेंद्र शर्मा, सीबी शर्मा, सुनीता गाड़िया, लक्ष्मी अग्रवाल, निधि गर्ग, मिनल खेतान,माया जोशी, रीना अरूकिया, रचना मेहरा आदि उपस्थित थे।

# गाड़ियों पर ई-चालान का भार हुआ कम

- **लोक अदालत में 11,820 केस का हुआ निपटारा**
- **कोर्ट में 1 करोड़ 32 हज़ार का बकाया जुर्माना जमा हुआ**

**ठाणे.** ट्रैफिक नियम तोड़ने पर अलग-अलग तरह के पेंडिंग फाइन वाले गाड़ी चलाने वालों के लिए ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने राष्ट्रीय लोक अदालत की पहल को ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। शनिवार को हुई इस लोक अदालत में ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत कुल 11,820 केस निपटाए गए और कोर्ट में 1 करोड़ 32 लाख 70 हज़ार 200 रुपये का जुर्माना जमा किया गया, जिससे ई-चालान का भार काफी हद तक कम हो गया है।ट्रैफिक नियम तोड़ने पर लगाया गया जुर्माना न भरने वाले गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ केस फाइल किए जाते हैं। ऐसे कई पेंडिंग केस निपटाने के लिए चीफ डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज एस.बी. अग्रवाल के मार्गदर्शन में, ठाणे जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सचिव रवींद्र पजंकर की पहल पर शनिवार 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया था। इस संबंध में, ठाणे शहर परिवहन विभाग द्वारा 5 दिसंबर तक बकाया जुर्माना छूट पर चुकाने की




अपील पर ड्राइवरों ने उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी। इस दौरान, परिवहन विभाग द्वारा कुल 11 हजार 744 मामलों का निपटारा किया गया और ड्राइवरों ने कुल 1 करोड़ 31 लाख 99 हजार 950 रुपये बकाया जुर्माना जमा किया। शनिवार को 83 बकाया ई-चालान मामलों में मौके पर 70 हजार 250 रुपये का जुर्माना भरा गया। परिवहन शाखा ने बताया कि अदालत में कुल 1 करोड़ 32 लाख 70 हजार 200 रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया गया।मोटर वाहन अधिनियम के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दोषी ड्राइवरों के खिलाफ जुर्माना लगाया जाता है। इसके लिए, ट्रैफ़िक पुलिस द्वारा ड्राइवरों के मोबाइल फोन पर जुर्माने का ई-चालान भेजा जाता है। इसमें उन ड्राइवरों के खिलाफ केस फाइल किए जाते हैं जो फाइन नहीं भरते हैं। हर तीन महीने में होने वाली नेशनल लोक अदालत में ड्राइवरों को ऐसे हजारों पेंडिंग केस निपटाने का मौका दिया जाता है। इसके मुताबिक, जो लोग तय समय में बकाया फाइन भरते हैं, उन्हें रियायती फायदे भी दिए जाते हैं।

# इको क्लब द्वारा कम्पोस्ट खाद बनाने के तरीके पर कार्यशाला का आयोजन

**भिवंडी.** छात्रों में पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता और ज़िम्मेदारी की भावना पैदा करने के मकसद से रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज में इको क्लब की स्थापना की गई है. कम्पोस्ट खाद बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया.



वर्कशॉप के ज़रिए एजाज़ हाशमी सर,निजामुददीन सर और नाज़िया मैडम ने छात्रों को कम्पोस्ट खाद बनाने के सिद्धांतों और फ़ायदों के बारे में बताया और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी की भावना के प्रति जागरूक किया.विद्यार्थीयों ने वर्कशॉप में प्रैक्टिकल तौर पर भाग लिया और मार्गदर्शकों के माध्यम से कम्पोस्ट खाद बनाना सीखा. छात्रों ने अपने घरों में निकलने वाले हरे कचरे(ग्रीन वेस्ट)से कम्पोस्ट खाद बनाने का इरादा जताया जिससे कैंपस के बाहर भी ग्रीन वेस्ट कम होने की उम्मीद है.कार्यशाला का आयोजन रफिया खुशाल,मुबश्शेरा अंसारी और आयशा शाह आदि अध्यापकों की देखरेख में आयोजित किया गया था. विद्यालय के प्रधानाचार्य ज़ियाउर रहमान अंसारी ने भाग लिया और अपने संबोधन में वर्कशॉप के सफल आयोजन के लिए छात्रों और मार्गदर्शक अध्यापकों को बधाई दी.

# मार्केटिंग सीजन 2025-26 स्कीम के तहत किसानों से धान की खरीद

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने निर्देश दिया है कि गायमुख और फाउंटेन के बीच सड़क को चौड़ा करने में फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की दिक्कतों को दूर करने के लिए संबंधित एजेंसियां मिलकर काम करें।जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने आज ठाणे और मीरा भयंदर दो शहरों को जोड़ने वाली घोड़बंदर सड़क को चौड़ा करने में फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की टेक्निकल दिक्कतों को लेकर एक रिव्यू मीटिंग की।

यह मीटिंग ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय के कमिटी हॉल में हुई।घोड़बंदर सड़क पर भारी गाड़ियों का ट्रैफिक बहुत ज़्यादा था। साथ ही, यह सड़क मीरा भयंदर, वसई-विरार इलाके को ठाणे, नवी मुंबई से जोड़ती है। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट से परमिशन न मिलने की वजह से सड़क को चौड़ा करने का काम रुका हुआ है। मीरा-भायंदर और ठाणेकर के लंबे समय से रुके हुए दोनों पड़ावों घोड़बंदर से फाउंटेन होटल और फाउंटेन होटल से गायमुख तक सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों को गति देने के लिए वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र बहुत जरूरी है। हालांकि दोनों महानगरपालिकाओं ने अपने प्रस्ताव वन विभाग को सौंप दिए हैं, लेकिन जिलाधिकारी डॉ. पांचाल ने निर्देश दिया कि संबंधित एजेंसियां समन्वय में काम करके विभाग द्वारा बताई गई गलतियों को तुरंत दूर करें।इस अवसर पर निवासी उपजिलाधिकारी डॉ. संदीप माने, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान येउर-बोरीवली के उपनिदेशक प्रदीप पाटिल, सहायक वन संरक्षक सोनल वलवी, मयूर खुटवासे, इको फुट फॉरवर्ड के प्रमुख अमोल कुंभार, परियोजना अधिकारी सिद्धेश सांगरे उपस्थित थे।

# पत्नी का गला घोंटकर हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

**विरार.** विरार के एक 30 साल के आदमी को अपनी पत्नी का गला घोंटकर हत्या करने और उसके शव को एक खदान में फेंकने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उसने यह सब अपने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर को लेकर हुए झगड़े के बाद किया और अपराध को हादसा दिखाने की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक, आरोपी विजय चव्हाण और उसकी पत्नी स्वाति चव्हाण की शादी दो साल पहले हुई थी और वे विरार के मांडवी में वड़घर कॉम्प्लेक्स में रहते थे। विजय का उसी गांव की एक शादीशुदा महिला के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था, जिसकी वजह से स्वाति के साथ अक्सर झगड़े होते थे। रविवार को, दोनों वड़घर गांव के एक खेत में काम करने गए, जहां दोनों के बीच तीखी बहस हुई और गुस्से में आकर उसने कथित तौर पर उसका गला घोंट दिया।


## आम सूचना

हम श्रीमती सरिता रवि मौर्या व श्री रवि बांसू मौर्या सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप बैरक 1676 के पास, मराठी स्कूल नं. 12 के पास, सेक्शन 25, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 48सीआय021533000) उक्त प्रॉपर्टी श्री अनिलकुमार महेंद्र पंजाबी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 16.12.2025 सी.नं. 187 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सरिता रवि मौर्या व श्री रवि बांसू मौर्या**


# 'भाभी जी घर पर हैं' में शिल्पा शिंदे की हुई एंट्री



- **सुपरनेचुरल ट्विस्ट के साथ हुई वापसी**

भाभी जी घर पर हैं एक नए वर्जन के साथ वापस आ रहा है और इस वर्जन के साथ शिल्पा शिंदे शो में वापसी कर रही हैं। अंगूरी भाभी बनकर अब शिल्पा शो में आ रही हैं, लेकिन इसके साथ ही शो में कुछ नए ट्विस्ट और टर्न्स नजर आने वाले हैं। भाभी जी घर पर हैं 2.0 का पहला प्रोमो सामने आ गया है जो सोशल मीडिया पर छा गया है।

- **क्या है प्रोमो में**

प्रोमो की शुरुआत होती है चारों मेन किरदार से यानी अंगूरी भाभी, तिवारी, विभूती और अनीता भाभी से जो किसी हॉन्टेड जगह जाते हैं। इसके बाद दिखाया जाता है कि अंगूरी भाभी को जो एक मूर्ति को छूती हैं और इसके बाद दिखाया जाता है अंगूरी भाभी का चेहरा और होती है शिल्पा की एंट्री और वह वह फेमस डायलॉग बोलती हैं सही पकड़े हैं।

- **पहले शिल्पा ही थीं अंगूरी भाभी**

बता दें कि शिल्पा शो के शुरुआत में अंगूरी भाभी ही बनी थीं, लेकिन फिर मेकर्स के साथ कुछ अनबन की वजह से उन्होंने शो छोड़ दिया था। वहीं उनके जाने के बाद फिर शुभांगी अत्रे की एंट्री हुई और दर्शक उन्हें भी पसंद करने लगे थे।

- **शो से बाहर होने पर क्या बोली थीं शुभांगी**

शो से जाने पर शुभांगी ने एक इंटरव्यू में कहा था, 'मैंने आन, बान और शान के साथ शो शुरू किया था और अब वैसे ही खत्म कर रही हूं। मैं इससे बेहतर एग्जिट नहीं सोच सकती थी। मैं अब नए किरदार एक्सप्लोर करना चाहती हूं। मैं फिलहाल फाइटर मोड पर हूं और अब अपनी बेटी और काम पर फोकस कर रही हूं।'

# अंबरनाथ नपा चुनाव में शिवसेना-भाजपा आरोप प्रत्यारोप में कांग्रेस के 45 उम्मीदवार बाजी मारेंगे - प्रदीप पाटिल

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव में 59 उम्मीदवारों में कुल 45 उम्मीदवार कांग्रेस ने प्रभागों से खड़े किए हैं. कांग्रेस की स्थिति इस चुनाव में बहुत ही मजबूत है. शहर में कांग्रेस बाजी मार रही है. ऐसा दावा कांग्रेस शहराध्यक्ष प्रदीप पाटिल ने किया है. शहर में कांग्रेस का डिजिटल प्रचार जोरों पर है. नगराध्यक्ष की उम्मीदवार नूतन प्रदीप पाटिल ने भी प्रचार में बाजी मार ली है. प्रदीप पाटिल ने कहा है कि वुलन चाल, कोहोजगांव, वांद्रा पाड़ा, कमलाकर नगर, हल्याचा पाड़ा, जावसई, चिंचपाड़ा, स्वामी नगर, शिवनगर व अन्य परिसर के कांग्रेस के उम्मीदवारों की पोजीशन मजबूत है और वह विजयी होंगे.

कांग्रेस के एक कार्यकर्ता के अलावा कोई भी शिवसेना के लिए कार्य नहीं कर रहा है. इस बार मतदाताओं ने कांग्रेस की सत्ता अंबरनाथ में लाने का पक्का इरादा कर लिया है. ऐसा दावा प्रदीप पाटिल ने करते हुए बताया कि जहां भी कांग्रेस का उम्मीदवार खड़ा है, वहां विरोधी पक्ष, शिवसेना, भाजपा की स्थिति डांवाडोल है. शिवसेना-भाजपा के नेताओं के आपसी आरोप-प्रत्यारोप के कारण दोनों पक्ष की छवि धुमिल हो गई है. दोनों की लड़ाई में इस चुनाव में कांग्रेस को बड़ा लाभ मिलेगा. ऐसा विश्वास प्रदीप पाटिल ने जताया है. उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वह किसी के बहकावे में ना आएं. सेकुलर वोट को बंटने ना दें और जातिवादी शक्तियों को खात्मा करके कांग्रेस के उम्मीदवारों को विजयी बनाएं.

# पूर्व शिवसेना पार्षद तेजस्वी घोसालकर भाजपा में शामिल

**मुंबई.** बृहन्मुंबई नगर निगम चुनावों से पहले, पूर्व शिवसेना पार्षद तेजस्वी घोसालकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं, जिससे उत्तरी मुंबई के दहिसर में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी को झटका लगा है। यह निर्वाचन क्षेत्र लंबे समय से घोसालकर परिवार से जुड़ा हुआ है।मारे गए अभिषेक घोसालकर की पत्नी, सेना (UBT) नेता तेजस्वी, नागरिक चुनावों से पहले BJP में शामिल हुईं.


## आम सूचना

मैं श्रीमती राजू ओमप्रकाश कंडारे सभी को सूचित कर रही हूं कि बाबा नामदेव नगर, नील डम्पिंग रोड, ओटी सेक्शन, 10 x 15 चौ.फुट, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 19बीओ018130200) उक्त प्रॉपर्टी श्री आनंद इंद्रभान सरसार के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 15.2.2017 सी.नं. 118/78 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती राजू ओमप्रकाश कंडारे**








यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099